## खबर संक्षेप

### चाकू चमकाते युवक गिरफ्तार

**शहडोल।** अमलाई थाना क्षेत्रांतर्गत 24 दिसम्बर को मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम बटुरा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी लाला महरा पिता नत्थू महरा उम्र 30 वर्ष निवासी बटुरा को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संतोष सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नियम विरूद्ध वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** थाना पुलिस द्वारा 24 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 99 चालानों में 36,500 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### युवक ने नाबालिग से किया दुराचार

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार में मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। जहां अपनी बहन के घर आए मथुरा का रहने वाले एक युवक ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया, मामले की जानकरी लगने पर घटना के 7 माह बाद परिजनों ने मामले की शिकायत थाने में की है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर बुढ़ार पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ 376, पास्को एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी पड़ताल में जुट गई है। वहीं दुरचार के बाद प्रगनेन्ट हुई पीड़िता ने 7 माह के प्री मैच्योर बच्चे को जन्मा था जो जन्म के बाद ही दम तोड़ दिया, अब पीड़िता अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रही है। जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 साल 6 माह की एक नाबालिग किशोरी को मथुरा के रहने वाले प्रदीप सिंह नामक युवक जो की बुढ़ार अपनी बहन के घर आया था, इस दौरान महुआ बिनने गई नाबालिग के साथ 16 मई को कृषि उपज मंडी कार्यालय के पास खंडहर नुमा मकान में दुरचार किया, जिससे नाबालिग प्रगनेन्ट हो गई, इस घटना की 7 माह के बाद पीड़ति नाबालिग के पिता मामले की बुढ़ार थाने में शिकायत की, पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 376, पास्को एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी पड़ताल में जुट गई है। इस मामले में एसपी कुमार प्रतीक का कहना है कि एक नाबालिग के साथ दुरचार का मामला सामने आया है। जिस पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

### बरहो कार्यक्रम से आपस लौट रहे बाइक चालक की मौत, एक गंभीर

**शहडोल।** सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग से लेकर परिवहन विभाग तक लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। परंतु वाहन चालक लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही बिना हेलमेट के बाइक चलाकर बरहो कार्यक्रम से वापस लौट रहे दो बाइक सवार युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, इस हादसे में एक की मौत हो गई तो वहीं दूसरा अस्पताल में जिंदगी मौत की लड़ाई लड़ रहा है। यह घटना जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के छांटा गांव की बताई जा रही है। जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेरहनी के रहने वाले 35 वर्षीय पप्पू चौधरी अपने साथी मेवा लाल चौधरी के साथ बाइक में सवार होकर चन्नौडी ग्राम में रिस्तेदारी में एक बरहो कार्यक्रम में शामिल होने गए थे, बरहो कार्यक्रम में शामिल होकर दोनो बाइक में सवार होकर बिना हेलमेट लगाए घर वापस लौट रहे थे, जैसे ही छांटा गांव के पास पहुंचे तभी उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, टक्कर इतनी जोरदार रही की दोनो को गंभीर चोटें आई।

# मंत्री मण्डल में संभाग के कोतमा को मिला प्रतिनिधित्व

## सामान्य सीट से विजयी बीजेपी के ओबीसी विधायक बने राज्य मंत्री

### कक्षा 9 वीं से ही छात्र संघ की राजनीति में थे सक्रिय

### कोतमा विधानसभा से पहली बार किसी विधायक को मिला मंत्री पद

लंबे इंतजार के बाद सोमवार को मंत्री मण्डल का गठन हुआ, जिसमें शहडोल संभाग की इकलौती सामान्य सीट कोतमा के विधायक दिलीप जायसवाल को राज्य मंत्री की शपथ दिलाई गई, कोतमा के गठन के बाद यह पहला मौका था, जब यहां के विधायक को मंत्री मण्डल में स्थान मिला है, 62 साल के दिलीप को 45 सालों से भाजपा की सक्रिय राजनीति का लाभ पार्टी ने दिया है।



शहडोल।

3 दिसम्बर को मध्यप्रदेश विधानसभा के नतीजे आने के बाद से ही पहले मुख्यमंत्री और उसके बाद मंत्री मण्डल में जगह पाने वालों को लेकर लगाये जा रहे कयासों का बाजार सोमवार को क्रिसमस-डे के दिन खत्म हो गया, मुख्यमंत्री की तरह ही भाजपा आलाकमान ने जब मंत्री मण्डल की अंतिम सूची के पत्ते खोले तो, तमाम राजनैतिक पण्डितों के कयास धराशायी हो गये, 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही जातीय समीकरण और कांग्रेस के ओबीसी, एसटीएससी को सत्ता में भागीदारी देने के कार्ड को भाजपा के रणनीतिकारों ने एक निशाने से ही साध दिया। संभाग की 8 विधानसभा सीटों में से इकलौती सामान्य सीट कोतमा जो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमा पर अनूपपुर जिले में स्थित है, यहां से भारतीय जनता पार्टी से दूसरी बार विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे दिलीप जायसवाल को मंत्री मण्डल के पहले शपथ ग्रहण समारोह में स्थान दिया गया। इससे पहले शिवराज मंत्री मण्डल में संभाग के अनूपपुर और उमरिया से एक-एक कैबिनेट मंत्री थे, लेकिन इस बार उन दोनों को फिलहाल किनारे कर नये चेहरे को जगह दी गई और दो की जगह एक को ही मंत्री मण्डल में शामिल किया गया।

### 45 सालों से सक्रिय राजनीति में है दिलीप

कोतमा विधानसभा से दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे दिलीप जायसवाल का राजनैतिक सफर 1977 से शुरू हुआ है, लगभग 45 साल पहले 1977 में हुए स्थानीय चुनावों में दिलीप जायसवाल जनता पार्टी के पोलिंग एजेंट बने थे, हालाकि इससे कुछ समय पहले ही उन्होंने कोतमा नगर के तत्कालीन वरिष्ठ भाजपाई रामरूप सराफ व अवधेश ताम्रकार से 1 रूपये का शुल्क जमा कर भाजपा की सदस्यता ली थी, तब से लेकर अब तक उनका जीवन कोतमा, बिजुरी के दो नगरों व विधानसभा क्षेत्र के तमाम गांवों के इर्द-गिर्द ही सिमटा रहा। कोतमा विधानसभा क्षेत्र में ही दिलीप जायसवाल का जन्म 3 सितम्बर 1961 को जन्माष्टमी के दिन हुआ था, श्री जायसवाल के पिता स्व. सिद्धूलाल जायसवाल कारोबारी थे, जो पहले बिजुरी के समीप गांव में और फिर बिजुरी में व्यवसाय करते थे। कक्षा 9 वीं से राजनैतिक जीवन का सफर शुरू करने वाले दिलीप जायसवाल बताते हैं कि 14 साल की उम्र में उन्होंने 26 जून 1975 को लगी इमरजेंसी के दिन और कांग्रेस की केन्द्र सरकार के द्वारा उस दौरान किये गये जुल्मों को करीब से देखा है। बीए स्नातक के प्रथम वर्ष की शिक्षा उन्होंने कोतमा के स्थानीय महाविद्यालय से 1980 में उत्तीर्ण की थी, उनके परिवार में उनकी पत्नी श्रीमती अर्चना जायसवाल पूर्व में बिजुरी नगर पालिका की अध्यक्ष रही हैं, 3 संतानों में से एक बच्ची डॉक्टर है, जो वर्तमान में नागपुर में अपनी सेवाएं दे रही है, दूसरी बेटी अनुष्का लॉ ग्रेजुएट है, वहीं पुत्र अमिषेक लॉ के साथ पत्रकारिता में मास्टर डिग्री लेकर वर्तमान में पिता के साथ खेती के कामों में हाथ बंटाता है, हालाकि पूर्व में खेती के अलावा क्रेशर भी था, लेकिन उसे बंद कर दिया गया और आजीविका का एक मात्र साधन खेती-किसानी ही है।

### दिलीप के साथ बदला कोतमा का भाग्य

45 वर्षो के राजनैतिक सफर के बाद मोहन यादव के मंत्री मण्डल में दिलीप जायसवाल को स्थान मिलना उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है, चुनावों से पहले टिकट को लेकर जद्दोजहद और टिकट मिलने के बाद चुनाव जीतने की जंग और अब मंत्री मण्डल में स्थान ने दिलीप जायसवाल के राजनैतिक महत्वकांक्षाओं को शायद अंतिम पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया, दिलीप के साथ ही कोतमा विधानसभा क्षेत्र का भी भाग्य भाजपा आलाकमान और भाजपा के प्रचण्ड आंधी ने बदल दिया है। यह पहला मौका है जब मध्यप्रदेश मंत्री मण्डल में कोतमा विधानसभा से चुने हुए प्रत्याशी को मंत्री मंडल में शामिल किया गया, अब तक कांग्रेस, भाजपा व गैर सरकारों में कभी भी कोतमा को यह स्थान नहीं मिला था। 2008 में दिलीप जायसवाल को पहली बार कोतमा विधानसभा सीट से टिकट मिली, उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मनोज अग्रवाल को मात दी थी, विजयी होने के बाद भी भाजपा ने 2013 के चुनावों में दिलीप की टिकट काट दी, लेकिन जिस पर भरोसा जताया, वे कांग्रेस से चुनाव हार गये। 2018 में दूसरी बार दिलीप को टिकट मिली, लेकिन इस बार भी कोतमा की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया, दिलीप का संघर्ष यहीं नहीं रूका, लगातार क्षेत्र का भ्रमण और जनता के बीच मुद्दों को लेकर मुखर रहे दिलीप को उनके इसी स्वभाव के कारण भाजपा ने 2023 में तीसरी बार टिकट दी और उन्होंने कांग्रेस के विधायक रहे सुनील सराफ को मात देकर कोतमा को फिर भाजपा मय कर दिया।

### 8 में 7 विधायकों के बाद भी 1 मंत्री पद

शहडोल संभाग के तीन जिले जिसमें शहडोल की तीन, अनूपपुर की तीन और उमरिया की दो विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधायक बने, बावजूद इसके अन्य संभागों की तुलना में भाजपा आलाकमान ने संभाग को सिर्फ एक ही मंत्री पद वह भी राज्य मंत्री का पद दिया, जबकि पूर्व में उमरिया जिले के मानपुर से वर्तमान विधायक सुश्री मीना सिंह लगातार कैबिनेट मंत्री रही हैं, वहीं बांधवगढ़ सीट भी भाजपा का गढ़ रही है, यहां से कई बार सांसद और विधायक रहे जनसंघी ज्ञान सिंह के पुत्र शिव कुमार दूसरी बार विधायक बने हैं, उमरिया जिले को मंत्री मण्डल से किनारे रखा गया, शहडोल मुख्यालय की जयसिंहनगर सीट से आदिवासी महिला विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने संभाग में सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज की, जैतपुर से जयसिंह मरावी छठवी बार विधायक बने, श्री मरावी पूर्व सरकार में मंत्री भी रहे हैं, इसी तरह ब्यौहारी से युवा व कोल समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले शरद कोल ने तमाम कयासों को धता बताते हुए, अभूतपूर्व जीत दर्ज की, बावजूद इसके शहडोल पूर्व के मंत्री मण्डल की तरह इस बार भी तीनों विधानसभा भाजपा को देने के बाद भी मंत्री पद से अछूता रहा। अनूपपुर में बिसाहूलाल पूर्व में कैबिनेट मंत्री थे, जिन्हें अभी बाहर रखा गया है, लेकिन कोतमा से दिलीप जायसवाल को मंत्री मण्डल में जगह और अनूपपुर से वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक रामलाल रौतेल अभी भी अध्यक्ष मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण (कैबिनेट मंत्री दर्जा) होने के कारण अनूपपुर की कमी तो, पूरी हो गई, लेकिन अभी भी शहडोल की दो दशक से अधूरी मंत्री पद की आस पूरी नहीं हुई।



# टेम्ट फाउंडेशन ने वस्त्र वितरण के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शहडोल।

टेम्ट फाउंडेशन ने ग्राम पंचायत सिरौंजा में वस्त्र वितरण समारोह आयोजित कर जरूरतमंदो को कपड़े उपलब्ध कराए। साथ ही नगरवासियों को प्लास्टिक के हानिकारक दुष्प्रभावों से अवगत करा कर प्लास्टिक के रीयुज, रीसाइक्लिंग, व रिड्यूज को बढावा दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद सदस्य शिल्पी सौरभ पाण्डेय ने प्लास्टिक बैग्स के स्थान में इकोफ्रेंडली बैग्स के उपयोग पर बढ़ावा दिया। ग्राम पंचायत सिरौंजा के सरपंच रामराज कोल ने बताया कि टेम्ट फाउंडेशन के सदस्य वस्त्र वितरण समारोह की तैयारी पिछले कई दिनों से कर रहे है और यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि हमारी पूरी टीम ने वस्त्र वितरण समारोह के द्वारा लगभग लगभग 1000 लोगो को कपड़े वितरित कराए, साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया व प्राचार्य शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरौंजा मुकेश कुशवाहा ने बताया कि साक्षी सिंह राजपूत के दिशा-निर्देश में कार्यरत टेम्ट फाउंडेशन टीम लगातार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्यरत है साथ ही साक्षी नगरपरिषद बुढ़ार की साफ-सफाई स्वच्छता की ब्रांड एम्बेसडर है, ये सतत प्लास्टिक के रियुज व रीसाइकिल के विषय में आमजन को जागरूग करती है। सदस्य टेम्ट फाउंडेशन आयुषी जैन और दीपिका वर्मन ने बताया कि हमारी टीम बुढ़ार व शहडोल में लगातार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य रही है और आम जनता में प्लास्टिक बैग्स के स्थान में उनके विकल्पों को प्रयोग करने के लिए प्रेरित करती है। श्रद्धा सिंह व मोना वर्मन ने वस्त्र वितरण समारोह में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवानी राघवानी,कन्हैया दास, अभिषेक मुखर्जी, दिग्विजय सिंह, शंकु दीवान, ललित सिंह व अंजना द्विवेदी ने महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने भी अपनी अभूतपूर्व सहभागिता निभाई।

# चार गुमशुदा बालिकाओं को पुलिस ने किया दस्तयाब




उमरिया।

पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा गुम बालक-बालिकाओं के प्रकरण में शीघ्र दस्तयाबी हेतु ठोस कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनु. अधि. पुलिस उमरिया-पाली द्वारा पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशानुसार प्रकरणो की मॉनीटरिंग की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप जिले के 03 थानों की टीम को विगत तीन दिनो में 04 गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब में सफलता प्राप्त हुई जिसका प्रकरण एक में 13 मई को फरियादी निवासी अखडार द्वारा थाना चंदिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह 12 मई को अपनी पत्नी के साथ मिट्टी के बर्तन बेचने के बाद शाम 06 बजे घर वापिस आया तब उसकी लड़की कमला (परिवर्तित नाम) उम्र 15 साल घर पर नहीं थी, आसपास व संभावित सभी जगहो पर पता किया परंतु कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर थाना चंदिया में धारा 363 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया। दूसरे प्रकरण में 20 सितम्बर को फरियादी निवासी ग्राम पिपरिया द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी लडकी रानी (परिवर्तित नाम) उम्र 14 साल 19 सितम्बर को स्कूल से घर वापिस आयी, फिर बिना बताये कही चली गई जो वापिस नहीं आई, जिसके बारे में आसपास पता किया पंरतु कोई पता नही चला, रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 363 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया। तीसरे व चौथे प्रकरण में 06 दिसम्बर को फरियादी निवासी कंचनपुर द्वारा थाना नौरोजाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी पुत्री नूरजहां (परिवर्तित नाम) उम्र 14 साल व मुमताज (परिवर्तित नाम) उम्र 15 साल घर से स्कूल के कहकर निकली परंतु शाम तक घर वापिस नही आई, रिश्ते में दोनो चचेरी बहिने है, दोनो का संभावित सभी जगहो पर पता तलाश किये परंतु कोई पता नहीं चला, रिपोर्ट पर थाना नौरोजाबाद में धारा 363 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया ।

चारो प्रकरणो में विवेचना टीम द्वारा कायमी के तत्काल बाद से ही गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रयास शुरू कर दिये गये। मामले में घटना स्थल व निवास स्थान के आसपास के लोगो से पूछताछ कर साक्ष्य संकलित किये गये। प्राप्त भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार गुम बालिकाओं के होने के संभावित स्थानो पर पुलिस टीम द्वारा जाकर कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा किये गये अथक प्रयासो के परिणाम स्वरूप चारो गुम बालिकाओ को नागपुर (महाराष्ट्र), दतिया (म.प्र.) एवं बैतूल (म.प्र.) से सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई। मामले में अग्रिम विधिसंगत कार्यवाही की जा रही है । कार्यवाही में थाना कोतवाली, थाना चंदिया एवं थाना नौरोजाबाद के थाना प्रभारी व विवेचना टीम एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# विभागीय अमला उदासीन, जनस्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

### सुरक्षा मानकों के बिना बिक रही खाद्य सामग्री

शहडोल।

प्रशासन का स्वच्छता अभियान केवल सड़कों तक सीमित होकर रह गया है। यह अभियान भी केवल प्रमुख सड़कों पर ही चलता दिखाई दे रहा है। बरसात के इस मौसम में जबकि खानपान के माध्यम से गंदगी का संक्रमण बढ़ने का खतरा काफी अधिक रहता है तब भी खानपान की सामग्रियों में सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाना और जांच पड़ताल किया जाना कहीं दिखाई नहीं पड़ रहा है। खाद्य एवं औषधि विभाग तथा नगरपालिका दोनो ही अपने कर्तव्य से मुह मोड़कर चैन की बंशी बजा रहे हैं। जबकि दूकानदार और व्यापारी लोगों के स्वास्थ्य से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। जगह-जगह होटलों व चाट के ठेलों में गंदगी पसरी हुई है कहीं भी सुरक्षा के मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है लेकिन विभाग कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझ रहा है। गंदे पानी का उपयोग, खुले में रखी खाने पीने की सामग्रियां उस पर भिनभिनाती मक्खियां गंभीर रोगों को दावत दे रहीं हैं।

होटलों व चाट के ठेलों में गंदे पानी का उपयोग किया जा रहा है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। होटलों में पानी की टंकियां होती हैं जो महीनों से साफ नहीं की जाती हैं और उनमें काई की मोटी-मोटी परतें जमी रहती हैं उन्ही में पानी भर दिया जाता है और उसी पानी को होटल के कर्मचारी ग्राहक को परोस देते हैं। पानी देने वाले कर्मचारी के हाथ भी काफी मैले कुचैले रहते हैं। कुछ जगह तो कर्मचारियों के हाथों में फुंसिया व गलन भी देखी गईं। बताया गया कि दिन भर पानी में हाथ डूबने से त्वचा गल गई है। उसी हाथ का पानी ग्राहक पीता है। चाट वालों के डिब्बे तो ऐसे रहते हैं मानो उन्हे



किसी कबाड़ से उठाकर उसमें पानी भर दिया गया हो। धूल गर्दें और काई की परत जमी रहती है और उसी का पानी ग्राहक पीता है। ऐसी कुछ सामान्य निगरानियां भी करना खाद्य एवं औषधि विभाग जरूरी नहीं समझता।

सुरक्षा मानकों में सबसे अहम और सरल उपाय है खानपान की सामग्रियों को ढांक कर रखा जाना। लेकिन विभाग इस सामान्य सी प्रक्रिया की जांच पड़ताल करना भी जरूरी नहीं समझता है। होटलों में खुले में नाश्ते का सामान रखकर बेचा जा रहा है। जिसमें मक्खियां गंदगी लगाए भिनभिनाती रहतीं हैं। लोग उसी को खाकर बीमार पड़ जाते हैं। चाट फुल्की के ठेलों के आसपास गंदगी का अंबार लगा है। जूठन बिखरी है जबकि पूर्व में कलेक्टर ने एक मुआयने के दौरान यहां दूकानदारों को गंदगी के कारण जमकर फटकार लगाई थी और सफाई व्यवस्था के लिए कंटेनर वह भी कुछ डिस्टेंस पर रखने के निर्देश दिए थे। लेकिन पालन कहां हो रहा है? डेयरी व होटल संचालक मिठाइयों का जो कारोबार कर रहे हैं उनमें न केवल मिलावट है बल्कि शुद्धता का अभाव है। मावे की मिठाइयों में तो फफूंद भी देखने को मिल जाती है। मिठाइयों का स्वाद भी कुछ बिगड़ा सा रहता है। इनकी विधिवत जांच पड़ताल करना और नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। जगह जगह लोग नुकसानदायक खानपान के शिकार हो रहे हैं। लेकिन विभाग के लोग भारी भरकम वेतन लेकर मजे कर रहे हैं। उन्हे अपनी ड्यूटी का बोध नहीं है। विभाग केवल त्योहारों के समय ही जागता है।

बाजार की सब्जी मण्डी में आज भी सड़ी गली सब्जियां बेची जा रही हैं। यही हालत ठेलों में बिकने वाले फलों की भी है। लेकिन इन विक्रेताओ पर नकेल कसने वाला कोई नहीं। पूर्व में एक बार नगरपालिका ने अभियान चला कर ऐसे बेकार फल व सब्जी जब्त कर उन्हे तत्काल नष्ट कराया गया था लेकिन अब कहीं कोई ऐसा जनहितकारी अभियान नहीं चलाया जाता है। नगरपालिका के अमले का पता नहीं रहता है। इसके अलावा सब्जीमण्डी में इन दिनो गंदगी का अ बार लगा हुआ है। बरसात के कारण मण्डी के अंदर सड़ांध सी उठती रहती है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन की विस्तृत व्याख्या थे अटलजी : कामता



**शहडोल।** भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी 99वीं की जयंती पर नमन करते हुए यह कहा जाना कोई अतिसंयोक्ति नहीं होगी कि अटलजी ना केवल कुशल राजनीतिज्ञ, प्रखरतम वक्ता और भारतीय परमाणु परीक्षण के शिल्पी एवं अद्वितीय कवि ही नहीं बल्कि वे पूरी मानव सभ्यता के लिए प्रेरणापुंज की तरह हैं। उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने का उद्देश्य निश्चित तौर पर सुशासन के माध्यम से विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और सेवाओं को जनता तक सीधे पहुँचाना है, देशवाशियों के साथ सरकार उचित व्यवहार करे और उन्हें विभिन्न सरकारी सेवाओं का ज्यादा से ज़्यादा लाभ मिले।
सुशासन दिवस मनाए जाने का लक्ष्य आर्थिक तथा वित्तीय संसाधनों या लोक सेवाओं के सक्षम प्रबंधन से कहीं अधिक व्यापक होता है। यह सरकार को अधिक खुला, जिम्मेदार, पारदर्शी, लोकतांत्रिक तथा संवेदनशील बनाने के साथ-साथ नागरिक समाज संगठनों को मजबूत, तथा निजी क्षेत्र को नियमित करने वाली एक व्यापक सुधार नीति है, क्योंकि सुशासन के सिद्धांतों पर ध्यान दिया जाए तो उसमें यह सहभागी, सर्वसम्मति-उन्मुख, जवाबदेह, पारदर्शी, उत्तरदायी, प्रभावी, कुशल, न्यायसंगत और कानून का पालन करने वाला है और एक रणनीतिक दृष्टि प्रदर्शित करता है, जो भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के विचारों को पूर्णतया जीवंतता प्रदान करते हैं। पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाना निश्चित रूप से विचारों में उनकी जीवंतता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है, क्योंकि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन की विस्तृत व्याख्या थे, उनका सम्पूर्ण जीवन विस्तृत शोध का विषय है।
ऐसे महामनीषी अटलजी का जीवन भारतीय परिदृश्य में समावेशी विचारों से परिपूर्ण, अजातशत्रु के रूप में स्मरण किया जाना चाहिए।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला घायल

**कोतमा।** 25 दिसंबर को मुडधोवा टोला निवासी कौशल्या पटेल 60 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि वह 25 दिसंबर की सुबह 10 बजे वह अपने गांव मुडधोबा टोला से अपने भाई के घर लामाटोला आ रही थी तभी रास्ते में सामने की ओर से आ रही काले कलर की पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 एमई 8142 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया जिस मैं गिर पड़ी। मेरे भतीजे ने आकर मुझे उठाया तब तक वाहन चालक भाग गया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध धारा 279, 337 आईपीसी का मामला दर्ज कर जांच में लिया।

---

**ठेके के बावजूद निपटारे की समुचित व्यवस्था नहीं, सिविल सर्जन उदासीन**

# ट्रैक्टर में ढुल रहा अस्पताल का विषाक्त जैविक कचरा

अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का हाल यह है कि वह बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निपटारे को लेकर भी गंभीर नहीं है। अस्पताल का यह विषाक्त कचरा असुरक्षित ढंग से खुले आसमान के नीचे फेंका जा रहा है।

**शहडोल।** बायो मेडिकल वेस्ट के समुचित निष्पादन के लिए जिला अस्पताल द्वारा लाखों रुपए का ठेका दिए जाने के बाद भी इस तरह के कचरे का सुरक्षित ढंग से उठाव नहीं किया जाता है। जिससे संक्रमण का सदैव भय बना रहता है। अस्पताल प्रबंधन इस मामले में घोर लापरवाही बरत रहा है। सारी गंदगी एक कमरे में भर दी जाती है जहां से नगरपालिका के ट्रेक्टर उसे उठाकर ले जाता है और उसे खुली जगह में फेंक देता है। जबकि अस्पताल का बायोमेडिकल वेस्ट एक पृथक वाहन में नगर से दूर ले जाया जाकर निर्धारित प्रक्रिया के साथ जमींदोज किया जाना चाहिए। बताया जाता है कि सिविल सर्जन के कहने पर नगरपालिका ने कुछ दिन मदद करने के लिए ट्रेक्टर लगा दिए थे तब से आज तक वही व्यवस्था चल रही है।




#### क्यों है विषाक्त बायोमेडिकल वेस्ट?

अस्पताल के बायोमेडिकल वेस्ट में आपरेशन से निकले खून व मवादआलूदा मांस के टुकड़े, खून सने कपड़े, इंजेक्शन, दवाओं के टुकड़े, शरीर के कटे फटे अंग, गंदी रुई और कई तरह के केमिकल सने कपड़े आदि रहते हैं। इन्हे पृथक स्थल पर बंद डिब्बे में स्टोर करना चाहिए। ताकि कीट पतंगे व मक्खियां इनमें बैठकर इधर उधर संक्रमण नहीं फैला सकें। इसके बाद उसे सुरक्षित वाहन में लोड कर एक निर्जन स्थल पर लेजाकर जमीदोज किया जाना चाहिए। लेकिन यहां होता यह है कि अस्पताल के सामान्य कचरे को भी इसी के साथ मिला दिया जाता है और सारा कचरा नगरपालिका का ट्रेक्टर उठा ले जाता है जो कि अत्यंत खतरनाक और हानिप्रद है।

#### ट्रैक्टर की सेवा क्यों ले रहे

जब यहां बायोमेडिकल वेस्ट का ठेका चल रहा है तो फिर यहां नपा का ट्रेक्टर अपनी सेवाएं क्यों दे रहा है? बताते है कि अस्पताल प्रबंधन ने इस बार बायोमेडिकल का ठेका नहीं देकर रकम बचाने का प्रयास किया है और नगरपालिका अधिकारियों को संतुष्ट कर नगरपाालिका सफाई कर्मियों का लाभ उठा रहा है। जिला अस्पताल की भर्रेशाही में कुछ भी हो सकता है। यहां जब महीनों से जरूरी दवाएं नहीं मगाई जा रहीं हैं तो फिर अन्य व्यवस्था बनाने में किसी भी तरह का समझौता हो सकता है।

#### कमरे से उठ रही सड़ांध

बायोमेडिकल वेस्ट के लिए एक कमरे का निर्माण कराया गया था, जहां लगातार कचरा डाले जाने और कमरे की नियमित सफाई नहीं करने से कमरे से सड़ांध उठती रहती है। इसके लिए भी सफाई कराई जानी चाहिए। जिला चिकित्सालय से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का अस्पताल प्रबंधन द्वारा उचित प्रबंधन व निष्पादन नहीं किया जाता है। जिला चिकित्सालय में ट्रामा सेंटर के पास एक कमरा बनाया गया है। जहां कचरा इक_ा किया जाता है, लेकिन जिला चिकित्सालय के जिम्मेदारों द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट के साथ जूठन सहित अन्य गंदगी भी इसी वेस्ट में डाल दी जाती है, जिसके चलते ऐसी गंदगी का उठाव मेडिकल वेस्ट उठाने वाली कंपनी नहीं करती है।

#### यह है अस्पताल की व्यवस्था

इस बार कायाकल्प की टीम ने अस्पताल में व्यवस्थाओं के अंदर 42 खामियां गिनाईं हैं जिसमें गंभीर बातें सामने आईं हैं। पिछली बार भी जिला अस्पताल रखरखाव और सफाई के मामले में पुरस्कारों की लिस्ट में तो शामिल हुआ था लेकिन उसे कोई पहला व दूसरा पुरस्कार नहीं मिला था। उसे केवल प्रशस्ति पत्र मिला था वह भी लिस्ट में सबसे अंत में 34 वे नंबर पर था, उससे ऊपर उमरिया का नाम शामिल था। मतलब कि शहडोल का नाम उमरिया के भी बाद था। यह दुर्दशा उस अस्पताल की है जहां बजट और संसाधनों की भरमार है।

---

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर अधिकारों की जानकारी देने हुआ कार्यक्रम

**उमरिया।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के मंगल भवन में विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संतोष नंदनवार, जागृति प्रजापति जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एस. के. गुप्ता, नापतोल निरीक्षक अर्पित जैन उपस्थित रहे।
इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उपभोक्ताओं को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति विधि द्वारा स्थापित कानून की सरल भाषा में जानकारी दी गई। उन्होंने उपभोक्ता अधिकारों के लिए स्थापित फोरम के संबंध में जानकारी देते हुए न्याय के लिए प्रकरण को प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता फोरम जिला, प्रदेश, व राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करता है, उन्होंने कहा कि जिला उपभोक्ता फोरम मे 20 लाख तक की खरीदी के तथा राज्य स्तर पर स्थापित उपभोक्ता फोरम में एक करोड़ तक की खरीदी की शिकायत तथा एक करोड़ से अधिक की खरीदी पर राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज की जा सकती है जिस पर उपभोक्ता फोरम द्वारा कार्यवाही संस्थित की जाती है।




कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ता अधिकार के लिए आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के संबंध में जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक रहकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आव्हान किया गया उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उसे उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता सही माप विक्रय उपरांत सेवा एवं अच्छा व्यवहार दिलाना मुख्य उद्देश्य है।

## युवाओं ने आम व तुलसी का पौधारोपण कर ली सुशासन दिवस की शपथ

**भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर हुआ कार्यक्रम**

**उमरिया।** भारत रत्न व पद्म भूषण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती एवं तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम के द्वारा बिरसिंहपुर पाली के वार्ड नंबर-14 आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, माँ सरस्वती के वरद पुत्र, ओजस्वी वक्ता, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए आम एवं तुलसी का पौधा लगाकर पौधा रोपण किया गया।
युवा हिमांशू तिवारी ने कहा कि परमाणु संपन्न राष्ट्र के ध्येय की प्राप्ति के लिए अडिग रहे अटल जी ने इस स्वप्न को साकार करने के साथ सुशासन से देश को नई ऊँचाइयों पर ससम्मान प्रतिष्ठित किया। सहज एवं सरल व्यक्तित्व के धनी, श्रद्धेय अटल जी ने राष्ट्र एवं समाज उत्थान के लिए कड़े फैसले लेने में कभी हिचक नहीं दिखाई। उनके विचारों के शुभ प्रकाश से माँ भारती का कोना-कोना आलोकित और सेवा के मधुर भाव से प्रत्येक हृदय सुवासित होता रहेगा। उन्होंने कस्बे में बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सबको पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कवि हृदय वाजपेयी के जयंती में खुद पौधे लगाए। उन्होंने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वह पर्यावरण प्रेमी रहे पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के हर जयंती पर पौधे लगाएंगे।
उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही पूजनीय और पवित्र माना गया है। शास्त्रों में तुलसी के पौधे को देवी लक्ष्मी का रूप माना गया है। जिन घरों में तुलसी का पौधा लगा होता है और नियमित रूप से इनकी पूजा होती है वहां पर



हमेशा सुख-समृद्धि का वास रहता है। वास्तु शास्त्र में भी तुससी के पौधे विशेष महत्व होता है। तुलसी के पौधे में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने की क्षमता होती है। पौधारोपण के दौरा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना सिंह राठौर, सहायिका शांति कोल,युवा हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,स्वाति दुबे,कमल कोल, कार्तिक कोल,ज्ञाने कोल, अनुराग ,महक रजक, योगेश बर्मन, संदीप बैगा, सूर्या बैगा, रागिनी बैगा, राधिका बैगा, सुरभी कोल, शिवकुमार बैगा, मुस्कान कोल, तौसीफ अंसारी, अंश, जिया सिंह, धर्मेश सिंह, सुजीत बैगा, राधे, आमिर, सविमी शुभम साहू,लक्ष्मी बैगा, तौफीक अंसारी एवं सभी उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से हो रहा व्यावसायिक उपयोग, नहीं हो रही कार्रवाई



**बिजुरी।** घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग घरेलू रूप से होने की बजाय व्यवसायिक रूप से अधिक होने लगा है। जबकि व्यवसायिक रूप से गैस का उपयोग किए जाने के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर होते हैं, लेकिन इनका उपयोग न के बराबर होता है और 90 फीसदी स्थानों पर घरेलू गैस का उपयोग होता है। हरिभूमि द्वारा कुछ जगहों पर फोकस किया, तो चाय दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट, लॉज, हाथ ठेलों पर लगीं डोसा चाऊमीन की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होता देखा गया है।बता दें कि शहर में इण्डेन, एचपी दोनों कंपनियों की डीलरशिप है, जाहिर सी बात है कि इन एजेंसियों की गोदामों से निकलकर घरेलू गैस सिलेंडर होटलों, रेस्टोरेंट तक पहुंचते हैं। इधर सरकारी कायदों की बात करें, तो घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक रुप से उपयोग नहीं किया जा सकता है और यदि ऐसा होता पाया जाता है, तो कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के द्वारा अर्थदंड की कार्रवाई की जाती है, लेकिन लंबा अरसा बीत चुका है जिसमे जिले में ऐसी कोई कार्रवाई नहीं होना ही सामने आई है। इधर कार्रवाई नहीं होने की वजह से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग अब आम बात बन चुकी है। जिसका खामयाजा मंहगाई के रूप में आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है और मांग के बढने के साथ साथ घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत भी बढ़ती जा रही है।

## मासांत तक फसल का बीमा करा सकते है किसान

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई जिले में ए.आई.सी. बीमा कंपनी के माध्यम से अपनी रबी फसलों का बीमा 31 दिसम्बर, 2023 तक करा सकते है। ऋणी कृषकों का संबंधित वित्तीय संस्था के माध्यम से फसल बीमा किया जायेगा। अऋणी कृषक संबंधित बैंक से या बीमा अभिकर्ता अथवा सी.एस.सी. सेंटर के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है। रबी फसलों का बीमा कराने के लिये भू-अधिकार पुस्तिका या बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रमाणित प्रति तथा फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रस्तुत करना होगा। ऋणी कृषक जो फसल बीमा योजना से बाहर होना चाहते है। उन्हें भी बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व 24 दिसम्बर तक अपने संबंधित बैंक में आवश्यक रूप से सूचित करना होगा। फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (अकाशीय बिजली गिरना), बादल फटना, तूफान ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ, जलभराव, सूखा, कीट-व्याधियों इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## मारपीट में घायल युवक की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कैमोर थानांतर्गत ग्राम हरैया में लगभग एक माह पूर्व दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट की घटना में एक युवक सर में चोट आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद मारपीट का प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया था जहां पर कुछ दिनों के इलाज के बाद वह कोमा में चला गया।
बताया जाता है की उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कैमोर पुलिस ने मारपीट के प्रकरण को हत्या के प्रयास का मामले में तब्दील किया था। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता भी हासिल कर ली थी जबकि एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है। अब युवक की मौत हो जाने के बाद पुलिस प्रकरण में हत्या का मामला दर्ज करते हुए और आरोपी की तलाश में जुट गई है।
बताया जाता है कि लगभग एक माह पूर्व एक पक्ष के प्रदीप पांडे, राहुल पांडे एवं रोहित पांडे ने 26 वर्षीय युवक के सिर में लाठी से प्रहार किया था जिसे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसने विगत दिवस दम तोड दिया। मृतक का नाम आनंद पिता पत्तिलोधी उम्र 26 वर्ष बताया जा रहा है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव में दो पक्षों के लोगों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। लगभग एक माह पूर्व विवाद के बाद आनंद तथा दूसरे पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी हुई जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में आनंद लोधी के सिर में गंभीर चोटें आई जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगभग एक माह पूर्व हुई इस घटना के बाद आनंद की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती ही चली गई। पुलिस में आनंद की बिगड़ती हालत को देखते हुए पहले मारपीट की धाराओं को हत्या के प्रयास के प्रकरण में तब्दील किया अब आनंद की मौत के बाद धाराएं बढ़ाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक उक्त घटना में शामिल तीन आरोपियों में से प्रदीप पांडे और राहुल पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## ग्राम गौरव दिवस 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक प्रत्येक गांव में मनाया जाएगा

**उमरिया।** प्राचीनकाल से ही ग्राम संगठित शक्ति का एक केंद्र बिन्दु रहा है। प्रेम, सद्भाव, समरसता और सहकार ग्रामीण जीवन का मूल आधार है। गांव अपने इतिहास, परंपराओं और सुंदरता के लिये एक विशिष्ट पहचान रखता है। गांव की अपनी संस्कृति, धरोहर और विशिष्टताओं के प्रति गौरव की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के प्रत्येक गांव में 'ग्राम गौरव दिवस' मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। यह ग्रामों की समृद्धि और उसके अभ्युदय का यह एक अभिनव उपक्रम है। ग्राम गौरव दिवस इस वर्ष 1 जनवरी 24 से 31 दिसम्बर 24 की अवधि में प्रत्येक गांव में मनाये जायेगे। इसके लिये प्रत्येक गांव के लिये एक कैलेंडर तैयार करेगा। इसके लिये प्रत्येक गाव अपने एक निश्चित दिवस जो गांव के महापुरुष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध पुरुष-महिला के जन्म दिवस अथवा गाँव की परंपरा में किसी खास दिवस को ग्राम गौरव दिवस के रूप मैं मान्य किया जा सकता है।
ग्राम गौरव दिवस की पृष्ठभूमि, अवधारणा और उद्देश्य तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु तैयार की गई कार्य योजना परिशिष्ट-एक पर संलग्न है। ग्राम गौरव दिवस के लिये मुख्य रूप से गांव का इतिहास उसकी मूल विरासत से जुड़ी जानकारी, गांव के विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों की पहचान करना। कार्यक्रम को उत्साह एव आंनद योग्य बनाने के लिये कार्यक्रम के पूर्व पारम्परिक संगीत, खेल आदि के आयोजन तथा गांव के बुजुर्गो तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का सम्मान और उनके विचार सुनना इत्यादि शामिल किये जाये। ग्राम गौरव दिवस के आयोजन के लिये प्रत्येक ग्राम में कार्यक्रम आयोजन के लिये एक तिथि का निर्धारण किया जाये, तिथि का निर्धारण ग्राम सभा में सर्वसम्मति से किया जायेगा।
गांव के किसी महापुरुष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध पुरुष-महिला के जन्म दिवस को ग्राम गौरव दिवस के रूप में चयनित करना। ग्राम गौरव दिवस के लिये मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिये प्रत्येक जिला-जनपद स्तर पर आवश्यक संख्या में मास्टर ट्रेनर तैयार किये जायेगी । शिक्षा, क्रीडा, आजीविका, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय संबंधी गतिविधियां तथा गांव के सांस्कृतिक दलों/कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से गांव की गौरव गाथा का समावेश करना। प्रत्येक गौरव दिवस कार्यक्रम में एक सामाजिक बुराई का परित्याग की शपथ दिलाना।
गांव में भाईचारा और सौहार्द को मजबूत करने वाले क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करना। गांव के ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्ति जो गांव से बाहर रहते है, उन्हें आमंत्रण पत्र के माध्यम से आयोजन में बुलाना। गांव में स्वसहायता समूह को नारी चेतना शक्ति केन्द्र के रूप में मान्यता के लिये कार्यक्रम आयोजित करना। विभिन्न स्त्रोतो के माध्यम से गांव के इतिहास और विरासत को संकलित कर उसे लिपिवद्ध किया जाये। यथासंभव गांव के प्रवेश द्वार जहां प्रवेश द्वार निर्मित है पर गौरव पट्टिका स्थापित कराई जाये और उसमें गांव के प्रमुख इतिहास। ख्याती प्राप्त पुरुष-महिला के नाम अंकित कराये जाये। ग्राम समुदाय से समन्वय और सकारात्मक भाव पैदा करते हुये गांव के विकास और कल्याण हेतु सामुदायिक प्रयास करना तथा दूरगायी योजना तैयार करना। यदि किसी गांव की स्थापना या गठन की तिथि ज्ञात है तो उसे स्थापना दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की जा सकती है। गौरव दिवस कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स, शार्ट फिल्म, वीडियों, दस्तावेजीकरण कर ग्राम गौरव दिवस पोर्टल अपलोड करना। गांव में व्यक्तियों के समक्ष विभिन्न प्रकार की चुनौतियां एवं कठिनाईया होती है। यदि हम उसका सामुदायिक रूप से और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रयास करे तो कार्य न केवल आसान होता है बल्कि आनंदमय होगा।
आनंद का उत्सव मनुष्य के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिये सबसे उपयुक्त माध्यम है। हम लोगों के ऐसे सामुदायिक प्रयास से गांव तेजी से आगे बढ़ेगे और प्रदेश भी उन्नति करेगा। ग्राम गौरव दिवस की कार्ययोजना हेतु 26 जनवरी के पूर्व वार्षिक कैलेण्डर तैयार कर लिये जाये और 1 जनवरी से 26 जनवरी के बीच की अवधि में आने वाले प्रमुख तिथियों को पहले चिन्हित कर उनके आयोजन उसी दिनांक में सम्पन्न करा लिये जाये। गौरव दिवस आयोजन के संबंध में ग्राम स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाये इसके लिये ग्राम स्तरीय कर्मचारी-पंचायत पदाधिकारियों के साथ ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों,सार्वजनिक संगठनों का सहयोग लिया जायेगा।
गौरव दिवस कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स, शार्ट फिल्म, वीडियों, दस्तावेजीकरण कर ग्राम गौरव दिवस पोर्टल र अपलोड करना। गांव में व्यक्तियों के समक्ष विभिन्न प्रकार की चुनौतियां एवं कठिनाईया होती है। यदि हम उसका सामुदायिक रूप से और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रयास करे तो कार्य न केवल आसान होता है बल्कि आनंदमय होगा। आनंद का उत्सव मनुष्य के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिये सबसे उपयुक्त माध्यम है। हम लोगों के ऐसे सामुदायिक प्रयास से गांव तेजी से आगे बढ़ेगे और प्रदेश भी उन्नति करेगा। उपरोक्तानुसार ग्राम गौरव दिवस की कार्य योजना हेतु 26 जनवरी 24 के पूर्व वार्षिक कैलेण्डर तैयार कर लिये जाये और 01 जनवरी से 26 जनवरी के बीच की अवधि में आने वाले प्रमुख तिथियों को पहले चिन्हित कर उनके आयोजन उसी दिनांक में सम्पन्न करा लिये जाये। गौरव दिवस आयोजन के संबंध में ग्राम स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाये इसके लिये ग्राम स्तरीय कर्मचारी,पंचायत पदाधिकारियों के साथ ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों, सार्वजनिक संगठनों का सहयोग लिया जाये। ग्राम गौरव दिवस के गतिविधियों के आयोजन की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के साथ संलग्न प्रारूप में साप्ताहिक भेजी जाये।
कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों की समस्त ग्रामों में ग्राम सभा सम्पन्न कराने हेतु 26 दिसम्बर 23 से 30 दिसम्बर 23 तक के चरणबद्ध तिथियो में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी नोडल अधिकारी के रूप में लगाई है।

# धनपुरी की तीसरी आंख रतौंधी का शिकार

## मेंटेनेंस के अभाव में बंद सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा ताक पर

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बाजारों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे करीब आधा साल से बंद पड़े हैं। नगर पालिका की ओर से कैमरों की मरम्मत कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।


धनपुरी।

इससे शहर की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। आजाद चौक में सीसी कैमरा तो लगाई गई है लेकिन मरम्मत के अभाव में बंद है, अगर सीसी कैमरा चालू होता तो आजाद चौक से मोटरसाइकिल साइकिल की चोरी करने वाले चोर को पुलिस आसानी से पकड़ सकती थी लेकिन आजाद चौक में लगे सीसी कैमरा शोपीस बना है जो जरूरत पड़ने उस गली में लगे सीसी कैमरा को चेक करने की मशक्कत करनी पड़ती है।

### शो पीस बने कैमरे

नगर वासियों ने कहा कि सीसीटीवी सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। उन्होंने बताया कि नगरपालिका के द्वारा कुछ वर्षों पूर्व मुख्य स्थल व आजाद चौक पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम शहर थाना में बनाया गया है। कैमरे लगवाने के कुछ माह बाद से ही मेंटेनेंस के अभाव में

खराब होने का सिलसिला शुरू हो गया था। नगर पालिका के द्वारा बीच-बीच में मेंटेनेंस नहीं कराया गया जिससे सीसी टीवी जिस खंबे पर लगा गया था वह खंबा ही गिर गया सीसी टीवी लगाने के



लिए दूसरा खंबा लगने के बाद सीसी टीवी लग सकेगा लेकिन बताया जाता है कि बंद पड़ा सीसी टीवी आखिर नगरपालिका मेंटेनेंस क्यों नहीं करा रही है

### पुलिस की मदद

धनपुरी आजाद चौक में सीसीटीवी कैमरे लगने के कारण पुलिस को चोरी आदि वारदात को सुलझाने व आरोपियों की पहचान करने में मदद मिलती थी। सीसीटीवी कैमरे खराब होने से पुलिस को भी मदद नहीं मिल पा रही है।

### आये दिन चोरी

नगर में कुछ दुकानदारों के पास फुटेज देखने पर भी मोटरसाइकिल व साइकिल चोर, चोरी करने में सफल हो गऐ भीड़ का फायदा उठाकर अपराधी वारदात को अंजाम दे रहे है। आने वाले त्यौहार व चुनाव से पहले आजाद चौक में लगे सीसी कैमरा तीसरी नजर का मेंटेनेंस नगर पालिका के द्वारा कराया जाना चाहिए जिससे पुलिस को चोरों को पकड़ने में आसानी व सहूलियत मिल सकेगी। अन्यथा शो पीस बनकर रह जाएगा सीसी कैमरा।

### ..तब आती है याद

नगर में जब भी छुटपुट घटनाएं चोरी की घटना को अंजाम चोरों को द्वारा दिया जाता है तब सीसी कैमरा की याद नगर वासियों को व थाना के लोगों को सीसी कैमरा कई माह से बंद होने को लेकर पूर्व में शांति समिति की बैठक में पूर्व नगरपालिका सीएमओ को मेंटेनेंस कराने की मांग की गई थी लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में चोरों के द्वारा चोरी कर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं और चोरों को पकड़ने तलाशने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ती है तीसरी आंख से कोई नहीं बच सका आजाद चौक में तीसरी आंख की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार द्वारा मनमानी और घटिया निर्माण कार्य जारी

**मऊगंज** । जिला बनने के बाद भी यहाँ पर चल रहे भ्रस्टाचार के खेल पर नही लग रही लगाम. वह भी तब जब जगह जगह विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल रही हो ऐसे समय मे सरकार के तमाम दावों को ठेकेदारो ने मजाक बनाकर उसकी पोल खोल दिया है जहां पर मऊगंज को बदसूरत और बदहाली के दलदल में खुलेआम धकेल रहे हैं। कांग्रेस नेता पार्षद मऊगंज विश्वनाथ मिश्रा ने प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि यहां की बडी विकास योजनाएं महज खाना पूर्ति तक सीमित हैं नगर में बेतरतीब ढंग से किया जा रहा डिवाइडर सड़क के बाद टेढ़ा मेढ़ा और घटिया किस्म संकरी नाली निर्माण जिसके अंदर की छड़े अभी से बाहर दिखने लगी है। यहां पर भ्रस्टाचार लोगो के लिए मुसीबत बन गया है। रीवा के बड़े नेताओं तक पहुंच रखने बाले सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी भ्रस्टाचार के समक्ष जिम्मेदार नतमस्तक है जिससे नाली निर्माण भी भेंट चढ़ रहा जहां पर एक बार फिर करोड़ो की लागत से चल रहा नाली निर्माण कार्य अधिकारियों की भ्रस्ट व्यवस्था का हो रहा शिकार है तो वहीं बड़े अधिकारियों की चुप्पी भ्रस्टाचार में उनकी संलिप्तता को कर रहा उजागर।नगर वासियों का कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

### कैप्टन डॉ. जागृति सिंह आज आयेंगी रीवा

**रीवा**। आर्मी के आरवीसी में नव नियुक्त कैप्टन डॉ. जागृति सिंह मंगलवार की सुबह रीवा आयेंगी। आर्मी विभाग के सर्विस सलेक्शन बोर्ड भोपाल में रिमाउंट विटनरी कोर (आरवीसी) की प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर कैप्टन बनने के बाद पहली बार अपने माता-पिता एंव परिवार के बड़े-बुजुर्गो का आर्शिवाद लेने अल्प प्रवास में रीवा आ रही है। इस बीच जानकारी मिली है कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा नव नियुक्त कैप्टन डॉ. जागृति सिंह को सम्मानित करेंगे। बताते चले कि नईगढ़ी तहसील अंतर्गत ग्राम फूल करण सिंह निवासी कैप्टन जगत बहादुर सिंह की पुत्री जागृति ने अक्टूबर माह 2023 में आरवीसी विभाग के लिए आर्मी सर्विस सलेक्शन बोर्ड भोपाल में परीक्षा दी थी, जिसका परिणाम 22 दिसबंर 2023 को आया। जिसमें देश की केवल चार लड़कियों का सलेक्शन हुआ है तीन मध्यप्रदेश और एक आसाम।



## मुक्तिधाम में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

अमलाई।

ओपीएम के बाबाधाम और छठ पूजा समिति के युवाओं द्वारा रविवार को क्षेत्र के सोन नदी पर स्थित मुक्ति धाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया कमेटी के युवाओं ने समय समय पर इस तरह का अभियान चलाया जाता रहा है युवाओं द्वारा पूरे मुक्तिधाम क्षेत्र की सफाई की गई जानवरों के आने जाने के कारण यहाँ गंदगी फैली रहती है और सफाई न होने की वजह से पूरा क्षेत्र कचड़ा से पटा रहता है। जिसको देखते हुए युवाओं ने सफाई अभियान चलाया और कहा कि क्षेत्र में सदैव कल्याणकारी कार्यों के लिए तत्पर रहेंगे।

### अब तक 110147.05 टन धान की खरीद

**रीवा**। किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले भर में गोदाम स्तर पर बनाए गए निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से धान का उपार्जन किया जा रहा है। धान का उपार्जन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। जिले में अब तक 18263 किसानों से 110147.05 टन धान का उपार्जन किया गया है। इसके लिए किसानों को 24045.1 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। किसानों को शीघ्र ही उनके बैंक खाते में राशि का भुगतान किया जाएगा। अब तक 39909 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जित धान खरीदी केन्द्रों से मिलिंग के लिए मिलर्स को दी जा रही है। इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों से निकटवर्ती धान मिलों की मैपिंग की गई है।

## रिलायंस फाउंडेशन द्वारा ग्राम पांड़खेर में राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर कृषकों को किया गया समानित -कृषि के नवीन तकनीकि से कराया अवगत






बुढार ।

ग्राम-पांड़खेर में राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा उन्नतशील कृषकों को सम्मानित किया गया और कृषकों को कृषि वैज्ञानिकों नें आयोजित कार्यक्रम के मध्य कृषि के नवीन तकनीकि से अवगत कराया।

कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह ने नवीन राष्ट्रीय कृषि दिवस पर ग्राम एवं आस-पास के पधारे कृषकों को संबोधित करते हुये कहाकि - फसल की अच्छी पैदावार के लिये कृषक भाईयों को कृषि के नवीन तकनीकि को अपनाना अत्यावश्यक है, जिससे कृषकों के लिये कृषि लाभ का व्यवसाय और अधिक प्रभावी निश्चित ही साबित होगा।

डॉ. सिंह ने कृषकों से जिला कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़ने की दिशा में प्रेरित किया, और अपना फोन नंबर भी सभी किसानों को दिया जिसने अपनी कृषि समस्या का समाधान प्राप्त कर सकें।

ग्राम पंचायत सरपंच राजकुमारी सिंह, पूर्व सरपंच अमोले सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी आर. एस., परियोजना संचालन आत्मा आर.पी. झारिया, कृषि विज्ञान केन्द्र हेड डॉ मृगेन्द्र सिंह, शिशुपाल सिंह राजपूत, दीपक सिंह के आतिथ्य में तथा रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव, आनंद साहू, अमितेश पाण्डे, आशीष मिश्रा, डॉ. समीम खान, वीरेंद्र प्रजापति, राजकुमार डोलिया, कुँवरबली सिंह के गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक (आत्मा) आर.पी. झारिया ने नई किस्म की जैविक खेती को बढ़ावा देने विस्तार पूर्वक किसानों को अवगत कराया, वहीं शशांक की योजनाओं के संदर्भ में अवगत कराया।

कृषि वैज्ञानिक दीपक सिंह राजपूत तथा एस.पी. सिंह ने किसानों को विविध जैविक कीटनासकों को बनाने की विधि और उनके उपयोग के बारे में अवगत कराया तथा शशांक से प्रदान करायी जा रही कृषि उपकरणों के लिए अवगत कराया, तथा पशुपालन में क्रॉस ब्रीड करवाये जाकर अच्छी नस्ल की गाय के दुग्धोत्पादन को बढावा देने के संदर्भ में अवगत कराया। सी.एस.आर. प्रमुख श्री राजीव श्रीवास्तव ने रिलायंस फाउंडेशन द्वारा सीएसआर गतिविधि के माध्यम से किसानों को प्रदत्त करायी जा रहे सहयोग के संदर्भ में अवगत कराते हुये कहाकि - किसानों को कृषि के क्षेत्र में निरंतर प्रोत्साहित करते हुये सहयोग प्रदत्त किया जा रहा है, जिसका सार्थक परिणाम सामनें आया है, और ग्रामीण विकास के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करानें रिलायंस फाउंडेशन का सततृ प्रयास रहा है जिससे किसानों की आय को दोगुना हो सके और वे कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सके।

कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्रिय किसानों को रिलायंस फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया।

ग्राम की भजन मंडली द्वारा श्रीरामचरित मानस पाठ का सुंदर आयोजन किया गया जिसका उपस्थित सभी जनों नें भरपूर सहभागिता निभाई, और आयोजन की भूरि-भूरि सराहना की।

ग्राम पंचायत की सरपंच राजकुमारी सिंह ने रिलायंस फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय कृषि दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना करतें हुये सभी के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीम खान ने किया तथा वीरेन्द्र प्रजापति, कुँवरबली सिंह, राजकुमार डोलिया तथा कृषक मित्रों ने कार्यक्रम के आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

## गीता जयन्ती महोत्सव के अवसर पर गीता-धाम कटकोना में श्रीमद्भगवद्गीता अखंड पाठ का हुआ आयोजन






### गीता के सूत्रों से युवाओं में बुद्धि व ज्ञान की समृद्धता अवश्यंभावी : गीतानुरागी

बुढार ।

मानव कल्याण आश्रम गीता धाम कटकोना बुढ़ार में "गीता जयन्ती महोत्सव" के पुण्य अवसर पर "श्रीमद्भगवद्गीता अखंड पाठ तथा सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुजन पूरे श्रद्धाभाव से पूजन-अर्चन किये।

मानव कल्याण आश्रम गीता धाम कटकोना (बुढ़ार) के संस्थापक परम् पूज्य ब्रम्हलीन स्वामीं श्री सच्चिदानंद सरस्वती जी महाराज के शुभाशिर्वाद से चौबीस घंटे का अखण्ड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ, पूजन-अर्चन, हवन, कन्या भोज व आध्यात्मिक सत्संग के साथ, संगीतमय आध्यात्मिक भजनों का आयोजन श्रद्धा एवं आस्था पूर्वक आयोजित किया गया, और अखण्ड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ में, युवाओं, महिलाओं व पुरुषों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

इसके अलावा पिपरतरा स्थित शिवालय में भी "श्रीमद्भगवद्गीता" का विशेष पूजन-अर्चन, आस्था व विश्वास के साथ "अभिमंत्रित" क्रिया पूर्ण की गई, तथा काली मंदिर झगरहा ओ.पी.एम. अमलाई, हनुमान मंदिर देवहरा, वटेश्वर धाम पटना में सामूहिक "गीता पाठ"पूजन-अर्चन, हवन, आध्यात्मिक सत्संग व आध्यात्मिक भजन संगीतमय वातावरण में आयोजित किया गया, जहां अध्यात्म प्रेमियों व सनातन धर्मावलंबियों ने इसमें अपनी बढ-चढकर अपनी सहभागिता निभाई।

गीता जयंती के पुण्य अवसर पर - मानव कल्याण आश्रम गीता धाम कटकोना बुढ़ार में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में, ब्रह्मलीन स्वामी श्री सच्चिदानन्द सरस्वती महाराज के प्रिय शिष्य "गीतानुरागी" श्रीकान्त जी ने, अध्यात्म प्रेमियों के मध्य कहाकि - "गीता के सूत्र" से हमारे युवाओं में, आने वाली पीढ़ी में, मानव मस्तिष्क में"बुद्धि व ज्ञान की समृद्धता" आती है, जो निरन्तर गीता के सूत्रों का स्मरण करते हैं उनके लिए योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता बताई है कि - "ददामि बुद्धि योगों,,,, अर्जुन मैं उसे बुद्धियोग की शक्ति प्रदान कर देता हूं जो सद्बुद्धि में परिवर्तित हो जाती है और"ज्ञान"में रूपांतरित होकर अनावश्यक महत्वाकांक्षाओं का विनाश कर, ईश्वरीय कर्म योग पथ की ओर जीवन शैली गतिमान होती है, जहां पर" सर्वभूत हिते रताः के साथ विश्वबन्धुव"की ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाती है, तभी आसुरी वृत्तियों पर नियंत्रण होता है।

आध्यात्मिक सत्संग में सेवानिवृत्त प्रो. डॉ हरीश निगम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहाकि - मानव अपने जीवन की पूर्णता तभी कर पाता है जब उसके जीवन में"सद्गुरु"का प्रवेश होता है, सत व असत का ज्ञान, कर्म व अकर्म के बीच के अन्तर का,ज्ञान सदगुरु कराते हैं,तभी वह अपने मानव जीवन की भूमिका को समझ कर उसे साकारित कर पाता है।

"गीता-धाम"के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. डॉ धर्मेन्द्र द्विवेदी ने सभी धर्मानुरागी अध्यात्म प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहाकि - ब्रह्मलीन वीतराग परिव्राजक संन्यासी स्वामी सच्चिदानन्द सरस्वती महाराज श्री का उद्देश्य" मानव कल्याण"के लिए जन-जन तक गीता के सूत्रों को पहुंचाने का रहा है,, जिस पथ पर हम सभी को आगे बढ़ते रहना है।

निरंजन "गीताविचारक"ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी जी की आज्ञा व उनके उपदेशों से तत्काल मानव जीवन की यथार्थता की ओर बढ़ने की सकारात्मक आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति होती रही,जो आज भी उनके स्मरण मात्र से, क्रियाशील हो जाते हैं।

इस अवसर पर - डाईट प्राचार्य रमाशंकर गौतम नें भी अपनें विचार व्यक्त किये।

श्रीराधा कृष्ण मंदिर के पुजारी पं. रामदीन शर्मा द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन, हवन वैदिक आचार्य पं. नारायण शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाया गया तथा आयोजित भण्डारा का प्रसाद उपस्थित श्रद्धालुओं नें ग्रहण किया।

## विकशित भारत संकल्प यात्रा में

# शासन की विभिन्न योजनाओं के साथ किया गया शिविर का आयोजन

चन्नोडी।

विकाशित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में शिविरो का आयोजन लगातार प्रारंभ है कार्यक्रम अनुसार गत दिवस बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नेमूहा में शिविर का आयोजन किया गया तथा शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ हित लाभ वितरित किए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी बुढार के मंडल अध्यक्ष कामाख्या नारायण राय,महामंत्री भारतीय जनता पार्टी बुढार मंडल श्री कृष्ण गुप्ता रहे वही अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सदस्य श्री राम दुवेदी ,सरपंच नेमुहा लखन सिंह रहे। पूजन अर्चन उपरांत अपने उद्बोधन में मंडल महामंत्री श्री कृष्ण गुप्ता ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीण जनो को जानकारी दी साथ योजनाओं का लाभ प्राप्त कर आम जन मानस की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया जा रहा है। सदस्य श्री राम दुवेदी ने बताया कि यह प्रसन्नता और गौरव की बात है की आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवम मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री श्री मोहन यादव जी के द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को घर घर जाकर बताया जा रहा है कोई भी व्यक्ति परेशान न हो सभी पूर्ण रूप से योजना जा लाभ प्राप्त हो। अपने उदबोधन में भारतीय जनता पार्टी के






मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कामख्या नारायण राय ने बताया की बीमार वेक्ति को पांच लाख तक का निशुल्क चिकित्सा, उजवाला योजना ,लड़ली बहना योजना , घर घर नल जल कनेक्शन ऐसे कई लाभकारी योजनाओं के द्वारा हमारी सरकार सतत प्रायश कर आवास योजना सहित जनता की पूरी सुविधा को ध्यान में रखते हुए संकल्पित है। हम सभी यह सपथ भी लेते है की हम सभी मिलकर विकाषित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए शासन की सभी योजनाओं को जन जन तक पहुचाएंगे। सरपंच लखन सिंह द्वारा मंच पर मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शासन के द्वारा प्रदाय की जाने वाली पंचायत नेमूहा के कार्य का विवरण और जानकारी प्रदान की गई, हम सभी ग्रामीण जन मिलकर विकाश की ओर अपने पंचायत को लेकर चलेंगे साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में सहकारिता विभाग,ऊर्जा विभाग,राजस्व विभाग,पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, आयुष चिकित्सा विभाग,बैंक विभाग आदि विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे एवम आवेदको कि समस्या सुनी और जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में अनोखी पहल करते हुए पंचायत अंतर्गत वरिष्ट नागरिक सम्मान अभिनंदन,पूर्व पंचायत प्रतिनिधि मंडल सरपंच,एवम उपसरपंच , कार्यक्रम में सांस्कृतिक कला आदि के प्रतिभागियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया जिनकी उपस्थिति जनसमुदाय ने खुले कंठ से प्रशंशा की कार्यक्रम में एसडीओ जनपद पंचायत बुढार राकेश कुमार दुवेदी,तहसील मुख्यालय चंद्र देव सिंह मरावी,एडीओ लोकनाथ कोरी ,जिला पंचायत सदस्य मनमोहन चौधरी,रामनुजन कुशवाहा,अंजनी तिवारी, कृष्ण कुमार मिश्रा, राकेश कुमार तिवारी,अभिलाष चतुर्वेदी, नीरज मिश्रा,राकेश नामदेव, यशपाल सिंह,शिवराम चतुर्वेदी श्री नारायण चौधरी , यशोदा सिंह,जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे साथ ही ग्राम पंचायत के सभी पंच सदस्य , लालजी नामदेव,पत्रकार सुरेश मिश्रा,त्रिवेणी मिश्रा, नेमुहा विद्यालय परिवार, सचिव पंचायत नारायण प्रसाद यादव, रोजगार सहायक ध्रुव सिंह,पलक मिश्रा,सदस्य पंचायत बुदानी पाव,मुन्नू यादव सभी सहयोगी सदस्य समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल बुढार के मंडल अध्यक्ष शुभम कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। एवम आभार पंचायत सचिव नारायण प्रसाद यादव द्वारा किया गया।


## खबर संक्षेप

### खेत में तकवारी कर रहे किसान पर जंगली सुअर ने किया हमला



**अनूपपुर।** जिले की सीमा में शहडोल जिला के वन परिक्षेत्र केशवाही अंतर्गत धनौरा गांव निवासी 45 वर्षीय मनोज बैगा पिता स्व,बन्नू बैगा पर रविवार की शाम अपने खेत पर लगे गेहूं की फसल की तकवारी करते समय खेत के पास स्थित लेन्टाना की झाड़ियों से निकले चार जंगली सुअरों में से एक सुअर ने दौड़कर हमला किया जिससे मनोज के दाएं पैर में जाघ में काटने के कारण चोट आयी परिजनों द्वारा उसे केशवाही अस्पताल ले जाने पर प्राथमिक उपचार बाद जिला चिकित्सालय अनूपपुर रेफर कर 108 से भेजा गया। देर शाम अनूपपुर पहुंचने पर वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल को जानकारी मिलने पर घायल को ड्यूटी डॉक्टर दिनेश बघेल से परीक्षण करा कर ड्रेसिंग एवं उपचार के लिए भर्ती किया गया। जंगली जानवर सुअर के काटने से घायल मनोज बैगा के साथ घटित घटना की सूचना वन परिक्षेत्र कार्यालय केशवाही को ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा लिखित तौर पर प्रदाय की गई है।

### हाथी ने ग्रामीणों का जीना किया मुहाल



**अनूपपुर।** जिले में घूम रहे एक नर हाथी द्वारा रविवार की रात वन परिक्षेत्र अनूपपुर के औढेरा बीट अंतर्गत डालाडीह के जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत बैहार के दोखहा टोला पहुंचकर पूरी रात ग्रामीणों के घर, खेत, बाडी, खलिहान में विभिन्न तरह के अनाजों, सब्जियो को अपना आहार बनाया। इस दौरान मोहल्ले में घुसे हाथी को भगाने में ग्रामीण हर तरह का प्रयास किया किंतु भगाने के प्रयास दौरान कई बार हाथी द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाया जिससे ग्रामीण थक हार कर हाथी को अपने अनुसार खाने देने को छोड़ दिया। रात भर खाने बाद सोमवार की सुबह यह हाथी बैहार की पहाड़ी से उतरकर वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 358 बांजन डोंगरी नामक जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 26 दिसम्बर का कार्यक्रम

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन के तारतम्य में 26 दिसम्बर को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत पकरिया तथा सकोला, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत मेड़ियारास तथा परसवार, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बसखली तथा पथरौड़ी, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बीजापुरी नं. 02 तथा करपा में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर का आयोजन संबंधित ग्राम पंचायत परिसर में किया जाएगा।

#### संभाग से एकमात्र कोतमा विधायक को मंत्रीमण्डल में मिली जगह

# राजनीतिक उठापटक के बीच कोतमा विधायक पर हाईकमान ने जताया भरोसा

## विधायक दिलीप जायसवाल ने ली राज्यमंत्री पद की शपथ

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के कोतमा से विधायक दिलीप जयसवाल को सोमवार को भोपाल राजभवन में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ दिलाई। ज्ञात हो कि श्री जायसवाल 2008 में पहली बार चुनाव जीत कर विधायक बने थे जो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति में आए हैं वही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के करीबी भी माने जाते रहे हैं।

श्री जायसवाल इस बार कांग्रेस उम्मीदवार सुनील सराफ को करीब 20 हजार मतों से हराकर विधायक बने हैं जिनका राजनीतिक सफर बिजुरी नपा के वार्ड पार्षद से शुरू हुआ है तथा बिजुरी नगर भाजपा अध्यक्ष एवं संयुक्त मध्यप्रदेश में शहडोल जिले के जिला महामंत्री के बाद अनूपपुर जिले के जिलाध्यक्ष की कमान सम्हाल चुके हैं। ज्ञात हो कि शहडोल संभाग की एकमात्र कोतमा विधानसभा सामान्य सीट से भाजपा में टिकट के लिए कई दावेदार थे। 2018 में कांग्रेस के सुनील सराफ से 11429 वोटों से हार गए थे। उन्हें 36,820 वोट मिले थे जो 33 प्रतिशत था।



एक बार फिर भाजपा के फैसले ने सबको चौंकाया

**बिसाहूलाल व मीना सिंह के मंत्री पद के फैसले पर चली कैंची**

### दूसरी जीत में ही बने मंत्री

दिलीप जायसवाल ने 2008 में भाजपा के टिकट पर पहली बार चुनाव लड़े और कांग्रेस के मनोज कुमार अग्रवाल पर 1849 वोट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 2013 के चुनाव में पार्टी ने दिलीप जायसवाल की जगह राजेश सोनी को प्रत्याशी बनाया था। इस चुनाव में भाजपा ने यह सीट गंवा दी थी। 2018 में एक बार फिर टिकट दिया गया, लेकिन इन्हें करारी हार मिली। 2023 में पार्टी ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया और कांग्रेस से उम्मीदवार सुनील सराफ के खिलाफ उन्हें टिकट दिया। यहां दिलीप जायसवाल ने 20 हजार से अधिक वोट से सुनील सराफ को मात दी। दिलीप 2006 से 2010 तक भाजपा जिलाध्यक्ष रहे हैं। 2008 से 2013 तक कोतमा विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं। इसके बाद उनका टिकट काट दिया था।

### पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को साधने की कवायद

दिलीप जायसवाल को मंत्रिमंडल में जगह देने की पीछे की बड़ी वजह पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को साधना है। शहडोल संभाग में एकमात्र सामान्य सीट कोतमा से दिलीप जायसवाल लगभग 20 हजार वोटो से जीत हासिल किए थे। आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव भी है। इसको लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को साधने में लगी हुई है। पिछली बार शहडोल संभाग से दो मंत्री थे, लेकिन इस बार एक ही मंत्री पद शहडोल संभाग को मिला है।

### बिसाहूलाल व मीना सिंह सिंह को तगड़ा झटका

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के कैबिनेट में संभाग से दो मंत्रियों ने शपथ ली थी। इस बार दोनों ही मंत्रियों को बड़ा झटका लगा है। अनूपपुर जिले से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रहे बिसाहू लाल सिंह को इस बार मंत्री नहीं बनाया है। बिसाहू लाल सिंह अनूपपुर विधानसभा से सात बार के विधायक हैं जो दो दशक कांग्रेस की राजनीति करते आ रहे थे। 2020 में उन्होंने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बनाया था। इस बार बिसाहू लाल सिंह को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली, वहीं उमरिया जिले के मानपुर की विधायक रही मीना मंडावे को भी मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।

### कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे, बांटी मिठाई

जैसे ही कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल को मंत्री बनाए जाने की खबर आई, भाजपा कार्यकर्ताओं में अलग ही जोश छा गया। गृह नगर बिजुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बैंड बाजे, आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण करते हुए खुशी का इजहार किया वही लोगों को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। कोतमा विधानसभा के लिए यह बड़ी बात है कि कोतमा विधानसभा से कोई पहली बार मंत्री पद पर आसीन होकर क्षेत्र के गौरव को बढ़ाया है। श्री जायसवाल के मंत्री बनने से जिला सहित पूरे कोतमा विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र और कोतमा विधानसभा सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में मंत्री के मार्गदर्शन में विकास की गंगा बहेगी।

# अनूपपुर जंक्शन मे कुलियों का अभाव

### यात्रियों को सफर में करना पड़ता है परेशानियों का सामना

**अनूपपुर।** कहने को तो अनूपपुर जंक्शन स्टेशन है लेकिन इस स्टेशन पर यात्रियों की यात्रा के समय भारी फजीहत हो जाती है। जंक्शन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 1 से 3-4 में जाने के लिए कुलियों की काफी कमी है। गिनती के कुली रेलवे स्टेशन पर नजर आते हैं। रात्रि के समय तो कुलियों के दर्शन भी नसीब नहीं होते। जंक्शन स्टेशन पर कई गाड़ियों का अप-डाउन होता है। देर रात्रि कई ट्रेनें आती जाती हैं लेकिन इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जाने के लिए पैदल पुल का सहारा लेना पड़ता है। कुली नहीं मिलने से सामान लेकर आने-जाने में काफी दिक्कतों का रेल यात्रियों को सामना करना पड़ता है। रात्रि के समय तो सर्वाधिक परेशानी होती है क्योंकि जंक्शन स्टेशन होने के बाद भी रात्रि में कोई कुली नजर नहीं आता। काफी संख्या में जंक्शन स्टेशन होने के कारण यात्री यहां पर उतरते हैं और अपनी आगे की यात्रा करते हैं, लेकिन उनकी प्लेटफार्म बदलने पर फजीहत हो जाती है] लेकिन कोई यात्रियों की परेशानियों को देखने-सुनने वाला नजर नहीं आता।अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पर पहले काफी संख्या में कुलियों की भरमार थी, लेकिन धीरे-धीरे गिनती के कुली केवल दिन में नजर आते हैं। बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत अनूपपुर जंक्शन स्टेशन है जहां से चिरमिरी, अंबिकापुर के लिए रेल लाइन जाती है। यहां के यात्री बहुत संख्या में अनूपपुर जंक्शन से अपनी आगे की ट्रेन पकड़ते हैं, लेकिन इन यात्रियों को जंक्शन स्टेशन पर काफी परेशानियों का सामना खास कर रात्रि के समय करना पड़ता है। जब उन्हें स्वयं अपना सामान उठाकर लंबे चौड़े ब्रिज को क्रॉस करना पड़ता है। बिलासपुर रेलवे प्रबंधक को चाहिए कि अनूपपुर जंक्शन स्टेशन की महत्वता को देखते हुए अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पर पर्याप्त कुलियों की व्यवस्था की जाए। जिससे रेल यात्रियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।



# प्रलेस की मासिक बैठक में प्रस्ताव किया गया पारित

### लंबे समय से बंद पड़ी लाइब्रेरी का होगा पुनः संचालन




**अनूपपुर।** प्रलेस अनूपपुर की बैठक चंद्रशेखर सिंह के भवन में संपन्न हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्व प्रथम कोषाध्यक्ष डॉक्टर असीम मुखर्जी ने प्रलेस अनूपपुर की आय-व्यय का संपूर्ण लेखा- जोखा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया कि अनूपपुर नगरपालिका की लायब्रेरी, जो काफी समय से बन्द पड़ी है उसके पुनः संचालन के लिए ठोस प्रयास किया जाना है। इस तारतम्य में कई बार नगरपालिका से लिखित व मौखिक रूप से चर्चा की गई है पर अभी तक इसका कोई परिणाम प्राप्त नहीं हुआ है। तय हुआ है कि कलेक्टर और नगरपालिका अधिकारी से मिलकर इसे शीघ्र प्रारंभ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएँगे। इसके पश्चात काव्य गोष्ठी में सभी साहित्यिकारों ने हिस्सा लिया और अपनी-अपनी शानदार रचनाएँ प्रस्तुत कीं। डॉ.यज्ञ प्रसाद तिवारी के अवसान के पश्चात अनूपपुर के साहित्यकाश में एक निर्वात उत्पन्न हो गया है। जिसकी आपूर्ति निकट भविष्य में संभव नहीं जान पड़ती। सभी के द्वारा डॉक्टर तिवारी को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में गिरीश पटेल, रामनारायण पाण्डेय, विजेन्द्र सोनी, डीएस राव, डॉक्टर असीम मुखर्जी, सुधा शर्मा, पी.एस.राउत राय, पवन छिब्बर, एस.के.सोनी, ललित दुबे, बालगंगाधर सेंगर, आनंद पाण्डेय, सुदीप सोनी उपस्थित थे। सभी ने अपने रचना पाठ के साथ ही डॉक्टर तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इनके अतिरिक्त दीपक पाण्डेय, एम.एम.मंसूरी, श्रुति शिवहरे, रावेंद्र कुमार सिंह भदौरिया तथा अभिलाषा अग्रवाल ने भी ऑनलाइन श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दिव्यांगजनों के लिए शिविरों का आयोजन आज से 29 दिसम्बर तक

**अनूपपुर।** दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल एवं सुगम्य केन का वितरण किए जाने हेतु दिव्यांगजनों के परीक्षण शिविरों का आयोजन 26 से 29 दिसम्बर तक जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अनूपपुर के उप संचालक ने बताया है कि 26 दिसम्बर को एसईसीएल ऑडियोटोरियम जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा) में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जनपद पंचायत अनूपपुर (बदरा), जनपद पंचायत कोतमा, नगरपालिका कोतमा, बिजुरी, पसान, डोला, डूमरकछार, बनगवॉ (राजनगर) के दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे। इसी तरह 27 दिसम्बर को स्वसहायता भवन जनपद पंचायत जैतहरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जनपद पंचायत जैतहरी, नगर परिषद जैतहरी, नगरपालिका अनूपपुर एवं बरगवां(अमलाई) के दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे। 28 दिसम्बर को स्वसहायता भवन जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें नगर परिषद अमरकंटक तथा जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ से संबंधित ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे। 29 दिसम्बर को ग्राम पंचायत सरई में शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ से संबंधित ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे।

# सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा की होड़



### शिकायत के बाद रिजर्व फॉरेस्ट की जमीन से वन विभाग ने हटाया अवैध कब्जा

**कोतमा।** नगर में इन दोनों सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की होड़ मची हुई है। भू माफिया के हौसले बुलंद हैं लोग सरकारी जमीन को ही बेच दे रहे हैं। यहां तक कि बंटन की भूमि को भी कई लोगों ने नगर में बिक्री कर दी है और बता दिया कि उसकी रजिस्ट्री भी हो गई है। आए दिन कोई ना कोई मामला सामने आ रहा है।

#### वन विभाग ने हटाया अवैध कब्जा

नगर के वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर में जमुना कालरी जाने वाले सड़क के किनारे जंगल की भूमि को ही भेज दिया गया यहां तक की जिस व्यक्ति ने खरीदा है वह व्यक्ति उस जमीन पर अपना अधिकार जमाते हुए बाकायदे जमीन पर जेसीबी चलवाते हुए दीवार खड़ी करने लगा था जिसका विरोध करते हुए मोहल्ला के लोगों ने तहसीलदार कोतमा को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 10 में स्थित मजार बाबा ग्राउंड जो की 50 वर्षों से खाली पड़ी है जिस पर बच्चों द्वारा खेल ग्राम बनाया हुआ है जिस पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। शिकायत में मोहल्ले के लोगों ने तहसीलदार को बताया कि ग्राम भालूमाडा निवासी अशोक त्रिपाठी द्वारा अबैध कब्जा कर एट गिट्टी रेत संग्रहण कर कलम खड़े किए जाने हेतु गड्ढे की खुदाई किया गया है जिस वार्ड वासियों के बच्चों का खेल खेलने का स्थान व मैदान प्रभावित हो रहा है। मौके पर तहसीलदार के द्वारा आरआई, पटवारी को भेज कर जमीन का नाप करवाया गया जिसमें वह जमीन वन विभाग की होना पाया गया। मौके पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। वन विभाग के द्वारा तत्काल निर्माण कर को बंद करवा दिया गया।

#### शिकायत करने वालों में यह रहे शामिल

शिकायत करने वालों मे ईश्वर दिन बैरागी, प्रशांत कुमार नामदेव, राजकुमार, रामखेलावन, चंद्रबली सिंह, मनोज सोनी, चंदन मिश्रा, अशोक पुरी, राम सोनी, देव शरण सिंह, रामू चौधरी, बबलू साकेत, सुखलाल यादव सहित एक दर्जन लोग शामिल थे।

#### इनका कहना है

वह जमीन रिजर्व फॉरेस्ट की है गांव वालों ने जैसे ही हमें सूचना दी कि उस जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। मौके पर पहुंचकर हमारे द्वारा वन भूमि में हो रहे अवैध कब्जे के कार्य को रुकवा दिया गया।

**एके निगम, प्रभारी रेंजर वन परिक्षेत्र कोतमा**

# 6 करोड़ 93 लाख के कार्यों का कोतमा विधायक ने किया भूमि पूजन



**राजनगर।** नवगठित नगर परिषद डोला में अंतर्गत होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम नगर परिषद डोला में 24 दिसंबर को रखा गया। जहां पर बतौर मुख्य अतिथि कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अथिति के रूप में मुख्य महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र संजय मिश्रा स्टाफ ऑफिसर सिविल हसदेव क्षेत्र ओम प्रकाश सिंह राजनगर उप क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों का परिषद् के पार्षदों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया वही कार्यक्रम के दौरान कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल द्वारा 6 करोड़ 93 लाख के कार्यों का भूमि पूजन किया गया। जहां पर एसईसीएल के सौजन्य से बनने वाले एनएच 43 से राजनगर आर ओ कांटाघर तक लागत 4 करोड़ 11 लाख, कायाकल्प अभियान 2.0 के तहत वार्ड नंबर 1, 4, 5, 14, 11, 15 में सीसी सड़क का मरम्मतीकरण कार्य लागत 50 लाख, निकाय निधि से बनने वाले सीसी सड़क एवं नाली लागत 32 लाख, मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण के तहत वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 15 तक सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य लागत 2 करोड़ कुल 6 करोड़ 93 लाख की लागत से बनने वाले कार्यों का भूमि पूजन विधायक दिलीप जायसवाल द्वारा तथा मुख्य महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र संजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। विधायक दिलीप जायसवाल ने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कार्य का मार्ग परिवर्तित कर बनाया जा रहा है। जिसके लिए मुख्य महाप्रबंधक बधाई के पात्र हैं। आज विभिन्न निर्माण कार्य का भूमि पूजन मेरे द्वारा किया गया है, और आगे भी क्षेत्र के विकास में कई निर्माण कार्य कराए जाएंगे वहीं मुख्य महा प्रबंधक हसदेव क्षेत्र संजय मिश्रा ने कहा कि जल्द ही हसदेव क्षेत्र में दो नई कोयला खदाने खोली जाएगी। जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इस अवसर पर यांत्रिकी अभियंता मानसाह कुंजाम, लेखापाल रामप्रकाश श्रीवास्तव, भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश पांडेय, राहुल सिंह परिहार, मनीष गोयनका, प्रभात मिश्रा, राजधर दुबे, रामचरण साहू, रामपाल तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश द्विवेदी, सहित नगर परिषद के पार्षद व पत्रकारगण सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहें। मंच का सफल संचालन राकेश पांडे द्वारा किया गया।